हर घर तिरंगा अभियान

कार्यक्रम रिपोर्ट

आज दिनांक – 13.08.2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर एक रैली का आयोजन सह–शैक्षिक समिति के द्वारा किया गया। इस रैली अभियान के तहत आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार उत्सव मनाने के लिए 13 से 15 अगस्त तक समाज के सभी लोग अपने घरो पर तिरंगर फहराए इसके लिए समाज के लोगो को प्रोत्साहित किया गया।

रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया कि 13 से 15 अगस्त तक लोग अपने घर पर तिरंगा जरूर फहराए या उसे अपने घरों पर लगाए।

इस रैली के माध्यम से तिरंगा के मान एवं तिरंगा के सम्मान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज संहिता मे हुए बदलाव को भी लागों को अवगत कराया गया।

सामाज के विभिन्न समुदाय के लोग प्रशिक्षु के द्वारा जागरूक किये जा रहे आजादी की अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में अपनी रूचि भी दिखा रहे थे।

रैली का समापन प्रशिक्षु द्वारा लगाये गये विभिन्न स्लोगन (नारें) लगाते हुए कल्याणपुर चौक पर रैली का समापन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सह–शैक्षिक समिति के सभी सदस्य कर रहे थें।